हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025



## श्रीश्री रणेश्वर रामचण्डी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में पहुंचे विष्णुदेव

# सीएम ने की 63 करोड़ के विकास कार्यों की घोषणा

### साय बोले- संस्कृति और परंपराओं में बसती है भारत की आत्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विकासखंड लैलूंगा के ग्राम झगरपुर में कोलता समाज द्वारा आयोजित श्री श्री रणेश्वर रामचण्डी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन भव्य धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ वित्त मंत्री ओपी चौधरी, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि और समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झगरपुर परिसर में किया गया, जहां मुख्यमंत्री का समाज के पदाधिकारियों ने पारंपरिक गजमाला पहनाकर और तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री श्री रणेश्वर रामचण्डी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर माता रामचण्डी के चरणों में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि आज झगरपुर की इस पावन भूमि पर आकर आत्मिक शांति का अनुभव हो रहा है। यह मंदिर न केवल श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि हमारे समाज की सांस्कृतिक चेतना और एकता का भी संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आत्मा उसकी संस्कृति और परंपराओं में बसती है। जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं ईश्वर का वास होता है। उन्होंने माता-पिता को सच्चा ईश्वर बताते हुए कहा कि यदि माता-पिता प्रसन्न हैं तो सभी देवी-देवता प्रसन्न रहते हैं। उन्होंने सभी से अपने घर के बड़ों के प्रति सम्मान और सेवा भाव बनाए रखने का आग्रह किया।






मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सम्मान करते नागरिक।

### कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 35,440 करोड़ रुपए के परिव्यय वाली दो प्रमुख योजनाओं का शुभारंभ किया है। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, दलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता मिशन। उन्होंने कहा कि यह योजनाएं देश के किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, कृषि उत्पादन वृद्धि और ग्रामीण समृद्धि के लिए सतत प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि भूमि रजिस्ट्री में सुधार कर शासन व्यवस्था में नई पारदर्शिता और जवाबदेही लाई गई है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं बल्कि उनका लाभ हर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।

### सीएम का ध्यान सर्वांगीण विकास पर

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि प्रदेश का सौभाग्य है कि एक ऐसे जनसेवक के हाथों में नेतृत्व है जो हर वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने पदभार ग्रहण करने के केवल 12 दिन बाद ही 13 लाख किसानों को 3716 करोड़ बोनस का भुगतान कर दिया। धान खरीदी की सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ और मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल किया गया। प्रदेश में 18 लाख से अधिक गरीब परिवारों को पीएम आवास योजना के अंतर्गत लाभ दिया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की भूमि है और प्रभु श्रीराम इस धरती के भांजा हैं। यही हमारी सांस्कृतिक पहचान और गर्व है। वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय का ध्यान प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है।

### मुख्यमंत्री ने माता का किया दुग्धाभिषेक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लैलूंगा विकासखंड के झगरपुर में आयोजित श्री श्री रणेश्वर रामचण्डी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के वेदी पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। यहां उन्होंने माता रणेश्वर रामचण्डी का दुग्धाभिषेक कर प्रदेशवासियों के सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उल्लेखनीय है कि झगरपुर में 8 अक्टूबर से कोलता समाज की कुलदेवी श्री श्री रणेश्वर रामचण्डी माता के नव निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय कार्यक्रम चल रहा है। कोलता समाज में मान्यता है कि लंका विजय अभियान में युद्ध से पहले प्रभु श्री राम ने रणभूमि में 9 दिनों तक चण्डी माता की कठोर साधना कर युद्ध में विजयी होने का आशीष मांगते हैं। उनकी इस उपासना से माता प्रसन्न होती हैं और श्री राम को विजयी होने का आशीर्वाद प्रदान करती हैं। इस घटना के बाद से ही माता रणेश्वर रामचण्डी के नाम से ख्यात हुईं। कोलता समाज में माता कुलदेवी के रूप में पूजित हैं।

### सरकार पारदर्शिता के साथ कर रही है कार्य

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार सुशासन, पारदर्शिता और विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। इसके लिए ई-गवर्नेंस की शुरूआत हो चुकी है। साथ ही भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार बनने के 18 से 19 माह के भीतर मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा कर दिया गया है।






## खबर संक्षेप

### बेहरा के प्राचार्य बनने पर शिक्षकों ने किया सम्मान



**घरघोड़ा।** विकासखंड घरघोड़ा अन्तर्गत शासकीय कन्या शाला घरघोड़ा में हरीशचंद्र बेहरा के प्राचार्य बनने पर शिक्षक समुदाय में हर्ष की लहर है। बेहरा पूर्व से ही विद्यालय में व्याख्याता के पद पर कार्यरत रहे हैं एवं विषय विशेषज्ञ एवं मिलन सरिता के कारण विकासखन्ड में उनकी पहचान है। कन्या शाला सहित आसपास के शिक्षकों ने मिलकर बधाई देते हुए आशा व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में कन्या शाला सहित ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राओं को उनके शिक्षण अनुभव का लाभ मिल सकेगा। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय में शासकीय योजनाओं सहित अन्य गतिविधियों को सकारात्मक पहल मिल सकेगी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों सहित अन्य कार्यालयों के कर्मचारी भी शामिल रहे।

### बिलाईगढ़ कालेज में किया एनएसएस संयोजक का चयन



**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नियमित गतिविधि के तारतम्य में महाविद्यालय के विज्ञान भवन और खेल मैदान की साफ-सफाई की गई। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के नए स्वयं सेवकों हेतु उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित की गई। इस दौरान सत्र 2024-25 में के परीक्षा में पास हुए बच्चों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। साथ्ज्ञ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्तर पर संयोजक का चयन किया गया। जिसमें मीडिया संयोजक व्यास नारायण, संयोजक हरिशंकर, स्वास्थ्य और योग संयोजक विष्णु देव, पर्यावरण संयोजक रिंकी राकेश, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन अमन राकेश, व्यायाम और विशेष अभियान संयोजक भरेंद्र कुमार, स्वच्छता संयोजक कुसुमलता को बनाया गया। साथ ही यूनिट संरक्षक कार्यक्रम अधिकारी तुलेश्वर सिंह ध्रुव होंगे। इस मौके पर महाविद्यालय के संरक्षक प्राचार्य डॉ उमाकांत मिश्र और रेडक्रास प्रभारी पंकज साहू, अतिथि व्याख्याता सुमनलता, अतिथि व्याख्याता ज्योति, अतिथि व्याख्याता रंगनाथ यादव उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए 15 तक आवेदन

**रायगढ़।** समाज कल्याण विभाग द्वारा हर वर्ष 3 दिसंबर को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। यह पुरस्कार दिव्यांगजनों के सामाजिक समावेशन और उन्हें अधिकार आधारित प्रोत्साहन के उद्देश्य से दिया जाता है जिससे समाज में दिव्यांगजनों की भागीदारी और योगदान को सम्मानित किया जा सके। जिला अंतर्गत उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारियों, दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाली स्वैच्छिक संस्थाओं, नियोक्ताओं के अतिरिक्त सर्वोत्तम जिला संवर्ग में आवेदन प्राप्त किया जाना है। जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ प्रत्येक संवर्ग की उत्कृष्ट प्रविष्टियां योग्य व्यक्ति, संस्था, नियोक्ता एवं जिला को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर सम्मानित किए जाने का प्रावधान है। आवेदक 15 अक्टूबर 2025 तक आवेदन कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण जिला रायगढ़ में प्रस्तुत किया जा सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### ग्राम रक्शा में होगी पांच दिवसीय रामायण कथा

**कोसीर।** कोसीर मुख्यालय से महज 2 किमी की दूरी ग्राम रक्शा में पांच दिवसीय रामायण कथा का आयोजन ग्राम पंचायत सरपंच व समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से किया जाएगा जोकि 14 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 18 अक्टूबर को सम्पन्न होगा। विदित हो कि ग्राम रक्शा ग्राम पंचायत सिलियारी के आश्रित ग्राम के नाम से जाना जाता है। विगत कई वर्षो की भांति इस वर्ष भी पूरे भक्ति भाव के साथ रामकथा का आयोजन किया जाना है, जिसमे अंचल के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में परिवार के साथ आकर भगवान की कथा श्रवण कर पून्य की भागी बनने आग्रह किया गया है। इस विशेष कार्यक्रम के व्यास पंडित अनूप दास मंहत होंगे। वहीं कार्यक्रम में प्रति दिन अलग-अलग कलाकारों द्वारा विशेष प्रस्तुति की जाएगी। कार्यक्रम समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जाएगा।

### जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला 12 को

**रायगढ़।** जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन 12 अक्टूबर दिन रविवार को स्कूल पारा ग्राम गढ़उमरिया, रायगढ़ में किया जाएगा। जिसमें आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा एवं योग चिकित्सा द्वारा निःशुल्क उपचार कर औषधि वितरण किया जाएगा।

## विधायक रायमुनी भगत ने की प्रतियोगिता की शुरुआत

# स्टेट लेवल ओपन चेस टूर्नामेंट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- पहले दिन प्रदेश के 204 खिलाड़ियों ने शतरंज की बिसात पर दिखाया जौहर
- विधायक, कलेक्टर एवं सीईओ ने भी शतरंज के दावों में आजमाया हाथ

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की प्रेरणा से छत्तीसगढ़ में खेल संस्कृति विकसित करने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। इसी कड़ी में जशपुर में तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ स्टेट लेवल ओपन चेस टूर्नामेंट का शुभारंभ आज बालाजी मंदिर के पास स्थित कम्युनिटी हॉल में जशपुर विधायक रायमुनी भगत की उपस्थिति में किया गया। छत्तीसगढ़ स्टेट चेस एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित इस टूर्नामेंट में पहले दिन 204 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।



विधायक भगत ने शतरंज में हाथ आजमाते हुए औपचारिक रूप से खेल की शुरुआत की और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज का खेल मस्तिष्क का एक व्यायाम है जो भारत में पुराने समय से ही खेला जा रहा है। खेल की इस परंपरा से नागरिकों का परिचय कराना और इस क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ियों को उचित मंच प्रदान छत्तीसगढ़ की सरकार का उद्देश्य है। इस प्रकार के टूर्नामेंट का आयोजन प्रत्येक वर्ष होना चाहिए। कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि जिले में स्कूल और जिला स्तर पर खेल के प्रोत्साहन के लिए ऐसी प्रतियोगिताएं होनी चाहिए। उनका विश्वास है कि जशपुर में भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी है ,वे आने वाले समय में राष्ट्रीय - अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले को नई पहचान दिलाएंगें और विश्व चैंपियन बनेंगे।

उद्घाटन समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद अध्यक्ष गंगाराम भगत, नरेश नंदे ,चेस एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी सरोज वैष्णव सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर व्यास संग जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने भी शतरंज के खेल में हाथ आजमाया।

शतरंज आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम विश्वास राव मस्के ने जिले में खेल को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों, भारत में शतरंज के गौरवशाली इतिहास, टूर्नामेंट की विस्तृत जानकारी के विषय में बताते हुए खिलाड़ियों को उत्साह और खेल भावना के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को कहा। इस दौरान आयोजन समिति के सचिव एवं खेल अधिकारी समीर बड़ा ने आभार व्यक्त किया।

पहले दिन दो राउंड में 204 खिलाड़ियों ने शतरंज खेला। इसमें इंटरनेशनल रेटिंग प्राप्त 38 खिलाड़ी भी शामिल है। स्विस लीग पद्धति से आयोजित इस टूर्नामेंट में 08 साउंड के खेल सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को खेलने होंगे। पूरे 08 राउंड के प्रदर्शन के अनुसार खिलाड़ियों की रैंकिंग तय की जाएगी । उद्घाटन समारोह में समिति के जॉइंट सेक्रेटरी विनोद गुप्ता, समिति के सदस्य नरेंद्र सिंन्हा, योगेश्वर उपाध्याय, लक्ष्मी शुक्ला, संजीव शर्मा, अवनीश पांडेय, प्रदीप चौरसिया, कल्पना टोप्पो, सत्य प्रकाश तिवारी, मिंकु बनर्जी , टुमनू गोसाई, सुनील निराला एवं छत्तीसगढ़ स्टेट चेस एसोसिएशन की टीम उपस्थित रही।

## ओडिशा से पकड़े गए गांजा तस्करी के तीन फरार आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



- दो महिला समेत एक पुरुष गिरफ्तार, सभी एक ही परिवार के सदस्य

जशपुर पुलिस ने एक बार फिर साबित किया है कि अपराधी कहीं भी छिप जाएं, पुलिस की पकड़ से बच नहीं सकते। ऑपरेशन "अंकुश" के तहत पुलिस ने गांजा तस्करी में फरार चल रहे तीन आरोपियों को उड़ीसा के सुंदरगढ़ जिले से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों में दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं । सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं।

मामला थाना बागबहार क्षेत्र के ग्राम कुकरगांव, मोहनीपुरी का है। दिनांक 24 अगस्त 2025 को पुलिस को सूचना मिली कि कुख्यात निगरानी बदमाश रामप्रताप यादव अपने घर में अवैध रूप से गांजा छिपाकर रखा है। सूचना पर बागबहार पुलिस ने छापा मारा तो आरोपी परिवार ने पुलिस से विवाद किया और घर में ताला बंद कर फरार हो गया। पुलिस ने विधिवत ताला तोड़कर तलाशी ली तो सोफे, कूलर और स्कॉर्पियो वाहन (क्रमांक CG14MD5804) में छिपाकर रखा गया 16 किलो गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 4.50 लाख आंकी गई।गांजा के साथ तस्करी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो और एक स्कूटी को भी पुलिस ने जब्त किया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी रामप्रताप यादव (50 वर्ष) को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।लेकिन उसकी पत्नी गुलाबी यादव (42 वर्ष), बेटा नूरपति यादव (27 वर्ष) और बहू शांति उर्फ नूरो बाई (24 वर्ष) घटना के बाद से ही फरार थे।लगातार तलाश के बाद मुखबिर की सूचना पर 10 अक्टूबर को थाना बागबहार की पुलिस टीम ने उड़ीसा के सुंदरगढ़ जिले के ग्राम वलींगा में दबिश दी और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## जिले में रेत खदानों के संचालन के लिए ऑनलाइन ई-नीलामी की प्रक्रिया प्रारंभ

- प्रथम चरण में जिले के 5 रेत खदानों का होगा आवंटन

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के खनिज रेत प्रबंधन नियम 2025 के तहत जिले में रेत खदानों के संचालन के लिए ऑनलाइन ई नीलामी रिवर्स ऑक्शन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

जिला रायगढ़ में खनिज विभाग द्वारा प्रथम चरण में कुल 05 रेत खदान जिनमें बरभौना तहसील खरसिया, बायसी तहसील धरमजयगढ़, कंचनपुर तहसील घरघोड़ा, लेबड़ा तहसील रायगढ़ एवं पुसल्दा तहसील छाल का आवंटन इलेक्ट्रॉनिक नीलामी रिवर्स ऑक्शन माध्यम से किया जाना है। खनिज अधिकारी रायगढ़ ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन खनिज साधन विभाग द्वारा 12 सितम्बर को छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत उत्खनन एवं व्यवसाय नियम 2025 जारी किया गया है। नये नियमों में रेत खदान आवंटन की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाईन माध्यम से किया जाएगा। इन रेत खदानों के आवंटन के लिए ऑनलाईन निविदा 10 अक्टूबर 2025 को जारी किया गया है। निविदा के नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी एमएसटीसी पोर्टल खनिज साधन विभाग की वेबसाईट जिला कार्यालय की वेबसाईट तथा कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला रायगढ़, संबंधित ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत भवन के सूचना पटल में अवलोकन कर प्राप्त किया जा सकता है। इलेक्ट्रॉनिक नीलामी रिवर्स ऑक्शन हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बोली, 07 दिवस, 31 अक्टूबर समय प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होकर 6 नवम्बर 2025 समय शाम 5.30 बजे तक एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से जमा की जा सकेगी।

## जिला जेल रायगढ़ में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**रायगढ़।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के द्वारा जिला जेल रायगढ़ में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में श्रीमती अंकिता मुदलियार न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ के नेतृत्व में जिला जेल रायगढ़ में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शिविर का आयोजन किया गया।




इस अवसर पर डॉ प्रकाश चेतवानी नोडल कमिश्नर मानसिक स्वास्थ्य एवं संतोष कुमार पांण्डेय जिला चिकित्सालय रायगढ़ के द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 10 अक्टूबर के अवसर पर जिला जेल रायगढ़ में निरूद्ध बंदियों को बताया गया कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हम सभी के लिए मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात करने और इस बात पर विचार करने का अवसर है कि हम सब मिलकर किस प्रकार बेहतर मानसिक स्वास्थ्य पाने में सभी की मदद कर सकते हैं। स्वस्थ होने का मतलब है शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से स्वस्थ होना। मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य के समान ही महत्वपूर्ण है। यह किसी व्यक्ति को तनावए डर थकावट दुःख आदि कठिन परिस्थितियों में सही तरीके से कार्य करने में मदद करता है। अगर आप अपने जीवन में कठिन परिस्थितियों को संभाल नहीं पा रहे हैं तो आप मानसिक रूप से स्वस्थ्य नहीं है। शिविर की अगली कड़ी में जिला जेल रायगढ़ में निरूद्ध बंदियों को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूक करते हुए नींद, तनाव, शारीरिक कष्टों के कारण मानसिक रोग जैसेः हृदय रोग, छाती रोग, दिल का तेजी से धड़कना, श्वास क्रिया ठीक से न चलने का भय होना, कमजोरी लगना व वजन का न बढ़ना, मांस पेशियों में दर्द होना, त्वचा संबंधी लक्षण दिखाई देना, पेशाब बार बार आना या होना इत्यादि के लक्षण के बारे में जानकारी दिया गया। उक्त शिविर में लीगल एड डिफेंस कौंसिल कार्यालय रायगढ़ के डिप्टी चीफ मनोज कुमार श्रीवास, रोहित कुमार पटेल एवं जीएस सोरी जेल सुपरवाईजर एस शोभा रानी असिस्टेंट जेल सुपरवाईजर एवं पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित रहे।

## शैक्षणिक संस्थानों में स्वीप कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार जिले के शैक्षणिक संस्थानों में सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन एसवीईईपी कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कैंपस एम्बेसडर और प्रोफेसर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से चयनित प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को यह जिम्मेदारी सौंपी है। इसका उद्देश्य युवा मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाना और मतदान के प्रति अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रोफेसर श्रीमती रंजना साहू, राजेश कुमार लहरे, डॉ. केके गुप्ता, डॉ. माग्रेट कुजूर, डॉ. उषा नायक, सुश्री प्रगति रजक, श्रीमती अनिता पटेल, डॉ. श्रुति श्रीवास्तव, जुवेल केरकेट्टा, अश्वनी कुमार पटेल, गौतम सारथी, डॉ. कुंतल किशोर, सुरेंद्र पाल दर्शन, श्रीमती शीतल केरकेट्टा और श्रीबच्छ को प्रोफेसर नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं कैंपस एम्बेसडर के रूप में विद्यार्थियों में एकांत पटेल, श्रुति सिंह, ओमप्रकाश जांगड़े, आराधना वैष्णव, नीजू दास, पुष्पांजलि साहू, अंकित कुमार शर्मा, अंजली प्रिया खेस, कुमारी ऐश्वर्या राणा, हिमांशु पटेल, अभिषेक प्रधान, किरण चौधरी, दीपक साव, नेहा चौहान, मुकेश राठिया, श्रीवन कुमार, आकृति ठेठवार, निखिल दास, ईशा सहिस, गणेश नायक, अरुण चौहान, विक्की पटेल, राजेश्वरी सिदार, आकाश पटेल, दिशा पटेल, फागुन सखा, तेजस्विनी राठिया, राजकुमार प्रधान, प्रभाषिनी सरल, देव कुमार साव, रोशनी यादव, लेखराम पटेल और अमृता सतपथी को नियुक्त किया गया है।

## प्लेस ऑफ सेफ्टी के बंदी ने पिया हारपिक, अस्पताल दाखिल



**राउरकेला।** शहर के स्पेशल जेल स्थित सुरक्षित आश्रय स्थल प्लेस ऑफ सेफ्टी में शनिवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक बंदी ने टॉयलेट क्लीनर हर्पिक पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घायल बंदी को तुरंत राउरकेला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, बंदी कलाहांडी जिले का निवासी है और उसे एक अक्टूबर को एक आपराधिक मामले में इस आश्रय गृह में लाया गया था। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आश्रय गृह में पहले से रह रहे कुछ बंदी लगातार उसे मारपीट कर धमकाते और पैसे की मांग करते थे। भयभीत होकर उसने अपने परिवार से झूठ बोलकर 3,500 रुपए मंगवाए और उन्हें दे दिए। इसके बावजूद अत्याचार जारी रहा और जान से मारने की धमकियां मिलती रहीं। शनिवार सुबह फिर से धमकाए जाने के बाद उसने मानसिक दबाव में आकर हार्पिक पी लिया। इसकी जानकारी मिलते ही जेलकर्मियों ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया। घटना ने सुरक्षित आश्रय गृह की सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, वहीं सामाजिक संगठनों ने इसे जेलों में मानवाधिकार और कैदियों की सुरक्षा व्यवस्था की विफलता करार दिया है।

## औद्योगिक धूल से घुट रहा अंचल वासियों का दम




**राउरकेला।** औद्योगिक धूल और कचरा परिवहन से बढ़ते पर्यावरणीय प्रदूषण को लेकर कांग्रेस नेता राजेश केरकेट्टा ने तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को उन्होंने जमुना नाकी क्षेत्र से कुछ भारी वाहनों को वापस लौटाया और प्रशासन से कठोर कदम उठाने की मांग की। आईडीसी क्षेत्र, झारसुगुड़ा, पदमपुर क्रशर प्लांट और कुआर मुंडा के इलाके के बीच चल रहे चारकोल डस्ट, सफेद धूल और आरएसपी राउरकेला स्टील प्लांट के औद्योगिक कचरे के परिवहन ने प्रदूषण की स्थिति भयावह बना दी है। धूल और राख से सड़कों के किनारे बसे गांव, खेत, पेड़-पौधे और जलस्त्रोत बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। केरकेट्टा ने कहा कि यह प्रदूषण खेती योग्य भूमि को बंजर बना रहा है और लोगों में सांस, आंख तथा त्वचा संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका असर सबसे अधिक पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि ऐसे मार्गों पर कचरे और चारकोल धूल के परिवहन पर रोक लगाई जाए, उद्योगों को पर्यावरणीय मानकों के पालन के लिए बाध्य किया जाए और प्रदूषण नियंत्रण दल द्वारा नियमित निरीक्षण व निगरानी अभियान चलाया जाए।

## मिडिल स्कूल बोरसी में सामाजिक अंकेक्षण और न्योता भोज



**रायगढ़।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 के तहत सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन चल रहा है। इस अभियान के प्रभाव में मिडिल स्कूल बोरसी में भी सामाजिक अंकेक्षण किया गया है, जिसमें विद्यालय के भौतिक निरीक्षण, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षकों के व्यवहार, शिक्षण गुणवत्ता, मध्यान्ह भोजन योजना की समीक्षा आदि बिंदुओं पर जांच हुई है। इसमें स्कूल के प्रमुख, शिक्षकों, अभिभावकों और सामाजिक अंकेक्षण टीम ने सक्रिय भागीदारी की है। अंकेक्षण कर्ता के रूप में श्रीमती उर्लिया कुजूर उपस्थित हुईं। सामाजिक अंकेक्षण के दौरान विद्यालय में शैक्षिक और अन्य सुविधाओं का मूल्यांकन करने के साथ-साथ विद्यार्थियों की शिक्षा स्तर, उपस्थिति दर खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी इकट्ठा की गई। न्योता भोज भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के कर्मीगण, अंकेक्षण टीम और स्थानीय जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए। न्योता भोज के माध्यम से सहयोग और बेहतर संवाद को बढ़ावा दिया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना और समाज के सभी हितधारकों को शिक्षण प्रक्रिया में जोड़ना है। जिसमें सरपंच अभिमन्यु पटेल, जनभागीदारी अध्यक्ष त्रिलोचन पटेल के अलावा पालक, ग्रामीण उपस्थित रहे।


## विश्व बालिका दिवस पर कन्या शाला में लगा स्वास्थ्य शिविर



**सरिया।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के निर्देश पर तथा सीएमएचओ डॉ. फिरत राम निराला के मार्गदर्शन में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश पाणिग्राही के नेतृत्व में रजत जयंती वर्ष के अवसर पर विश्व बालिका दिवस शनिवार को शासकीय कन्या शाला सरिया में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया के द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेडिकल ऑफिसर डॉ. कृष्णा साहू, सेक्टर इंचार्ज मनोज कुमार चौधरी, जेएसए विद्या उरांवएनेत्र अधिकारी श्रीमती शारदा सोनवानी, आरएचओ श्रीमती पुष्पलता नायक तथा ए आर एच ओ, संजय चौहान की विशेष उपस्थिति और सक्रिय भूमिका रही। इस अवसर पर छात्राओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण एवं किशोरावस्था से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही, बालिकाओं को अपने अधिकारों और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। साथ ही नेत्र अधिकारी द्वारा छात्राओं की नेत्र जाँच आँखों की जांच की गई और उन्हें आँखों की देखभाल एवं दृष्टि संबंधी सावधानियों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं के बीच उपयोगी स्वास्थ्य सामग्री वितरित की गई और सशक्त बालिका सशक्त समाज का संकल्प लिया गया।

## फसलों में संभावित कीट और रोग प्रकोप को लेकर किसानों को सतर्क रहने की सलाह

**रायगढ़।** इस वर्ष खरीफ सीजन की शुरुआत से ही अच्छी वर्षा के कारण धान जैसी मुख्य फसलों की बेहतर पैदावार की उम्मीद है। अब तक गत वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत से अधिक वर्षा दर्ज की गई है जिससे खेतों में पानी की उपलब्धता तो बेहतर हुई है लेकिन अत्यधिक बारिश के चलते कुछ अन्य फसलों जैसे उड़द, मूंगफली, मूंग, मक्का एवं जल्दी पकने वाली अन्य फसल पर उचित व्यवस्था एवं देखरेख के अभाव में प्रतिकुल प्रभाव पड़ सकता है।



कृषि विभाग द्वारा किसानों को सलाह दी गई है कि फसल पकने पर शीघ्र फसल की तुड़ाई एवं कटाई कर सूखे स्थानों पर सुखने हेतु फैला कर रखें या धूप में सुखने हेतु रखें। धान के खेत में हरी काई का प्रकोप दिख रहा हो तो पानी को निकाल देवें एवं खेत के जिस जगह से पानी अन्दर जाता है वहाँ पर आवश्यकतानुसार कॉपर सल्फेट को पोटली में बांध कर रखें। धान के फसल में यदि कीट व्याधी का प्रकोप दिखे तो किसान निम्नानुसार दवाओं का उपयोग नियंत्रण हेतु कर सकते हैं।

उप संचालक कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि भूरा माहू पौधे के मुख्य तना से रस चूस कर पौधों को कमजोर करता है, इस कीट के प्रकोप होने पर पाईमेट्रोजिन 50 डब्ल्यूजी 300 ग्राम अप्लाई, पाईमेट्रो, क्लू एवं अन्य समान उत्पाद या डाईनेट्रान्युरान 20 एसजी ओसीन टोकन एवं अन्य समान उत्पाद 200 ग्राम हेक्टेयर की दर से 500 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। इसी तरह पत्ती मोड़क लीफफोल्डर या चितरी यह कीट 1 से 2 पत्ती प्रति पौधा होने पर फिफरोनिल 5 एससी 800 मिली प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। धान में तना छेदक के लक्षण दिखाई दे तो कर्टाप डाईक्लोराईड 50 डब्ल्यूपी 1 किग्रा प्रति हेक्टेयर काल्डेन, कैरीड, मोर्टार एवं अन्य समान उत्पाद या क्लोरेन्ट्रानिलिप्रोल 150 मिली प्रति हेक्टेयर फटेरा कोरेजन, फटेगोल्ड, लेपिडोज एवं अन्य समान उत्पाद की दर से 500 लीटर पानी में घोलकर कर छिड़काव करें। साथ ही धान में तना छेदक कीट की निगरानी के लिए 2-3 फिरोमेन ट्रेप प्रति एकड़ का उपयोग करें एवं प्रकोप अधिक पाए जाने पर 8-10 फिरोमेन ट्रेप का उपयोग नियंत्रण के लिए करें। धान में गंधी बग कीट के रोकथाम के लिए इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एसएल 50 मिली प्रति एकड़ या थायामेथाक्साम 25 प्रतिशत डब्ल्यूजी 40 ग्राम प्रति एकड़ 200 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। धान की फसल में पेनिकल माईट का प्रकोप होने पर बदरंग दाने व तने पर भूरापन देखकर पहचान किया जा सकता है। इसके निदान हेतु हेक्सीथायाजोक्स 5.45 ईसी मैडन क्युबेंक्स, माईटोलिन एवं अनय समान उत्पाद 500 मिली के साथ प्रोपिकोनाजोल 25 ईसी टिल्ट बूस्‍ बम्पर जिराक्स एंव अन्य समान उत्पाद 500 मिली प्रति हेक्टेयर या प्रोपर्राजाइट 57 ईसी 750 मिली प्रोपिकोनाजोल 25 ईसी 500 मिली प्रति हेक्टेयर की दर से 500 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। धान में झुलसा रोग के लक्षण दिखाई दे तो नाटीवो 75 डब्ल्यूजी 0.4 ग्राम प्रति लीटर या ट्राइसाइक्लाजोल कवकनाशी जैसे बीम या बान एवं अन्य समान उत्पाद 6 ग्राम प्रति 10 लीटर पानी में घोलकर 12-15 दिन के अंतराल में छिड़काव करें। धान में शीटब्लाइट रोग के लक्षण दिखाई दे तो हेक्साकोनाजोल नामक कवकनाशी 1 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

## रविशंकर ने लगाया 5 किलो वॉट का ऑन ग्रिड सोलर प्लांट, बिजली बिल हुआ शून्य

- केन्द्र एवं राज्य सरकार से मिल रही सब्सिडी

**रायगढ़।** बिजली के बढ़ते खर्च से परेशान नगर निगम रायगढ़ निवासी रविशंकर दुबे ने अपने घर पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर प्लांट लगाकर न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया है बल्कि अपने मासिक खर्च में भी बड़ी बचत की है। उन्होंने अपने घर पर 5 किलोवाट क्षमता का ऑन ग्रिड सोलर प्लांट स्थापित किया है।

उन्होंने बताया कि सोलर प्लांट लगाने से पहले उनका मासिक बिजली बिल 3500 से 5000 रुपए तक आता था, लेकिन सोलर सिस्टम चालू होने के बाद माह जून से अगस्त 2025 तक उनका बिजली बिल ऋणात्मक आया है। हितग्राही श्री दुबे ने बताया कि अब उन्हें बिजली बिल की झंझट से पूरी तरह मुक्ति मिल गई है। उन्होंने यह सोलर प्लांट केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत लगाया है, जिसके तहत उन्हें 78,000 रुपए की केन्द्रीय अनुदान सहायता और बैंक द्वारा बेहद कम ब्याज दर पर ऋण भी उपलब्ध प्राप्त हुई। श्री दुबे ने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह न केवल आर्थिक रूप से फायदेमंद है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक अहम कदम है। सोलर सिस्टम की स्थापना के बाद उन्हें कोई अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ रहा है।



# थ्रिलर सीरीज स्टॉर्म को मिला ऋतिक का साथ, जल्द शुरू होगी शूटिंग

**नई दिल्ली।** प्राइम वीडियो ने अपकमिंग ड्रामा सीरीज 'स्टॉर्म' का ऐलान किया है। प्रोजेक्ट से सुपरस्टार ऋतिक रोशन और उनकी कंपनी एचआरएक्स फिल्म्स का एक नया और रोमांचक कोलैबोरेशन शुरू हुआ है। सीरीज को अजीतपाल सिंह ने बनाया और डायरेक्ट किया है, जिसकी दिलचस्प कहानी अजीतपाल सिंह ने फ्रांस्वा लुनेल और स्वाति दास के साथ मिलकर लिखी है। सीरीज को ऋतिक रोशन और ईशान रोशन प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह ऋतिक के लिए स्ट्रीमिंग की दुनिया में पहला कदम होगा। स्टॉर्म में शानदार कलाकारों की टीम नजर आएगी, जिसमें पार्वती थिरुवोथु, आलया एफ, सृष्टि श्रीवास्तव, रमा शर्मा और सबा आजाद लीड भूमिकाओं में होंगी।

## लाइफ Style



# दीपिका

## हम एक इंडस्ट्री की तरह काम नहीं करते हैं

दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' में आठ घंटे काम करने की शर्त रखी। वह अपनी बेटी की परवरिश में अधिक समय देना चाहती थी। इस वजह से उन्हें फिल्म 'स्पिरिट' से हटा दिया गया। लेकिन, दीपिका अब भी इस मुद्दे पर खुलकर बोल रही हैं। एक हालिया इंटरव्यू में उन्होंने 8 घंटे काम करने की शर्त को जायज बताया। साथ ही फिल्म इंडस्ट्री के वर्किंग कल्चर को लेकर भी सवाल उठाए।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एक इंटरव्यू में दीपिका पादुकोण ने कहा, 'मैं इस बात को लेकर मुखर रही हूं कि इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में बदलाव लेकर आऊं। क्योंकि, यह बहुत ही क्रूर है। हमारी एक आदत है कि ये तो चलता है। लेकिन मैं उनमें से हूं, जो चाहती है कि चीजें बेहतर हों। अगर हम खुद को एक इंडस्ट्री कहते हैं, लेकिन एक इंडस्ट्री की तरह काम नहीं करते हैं। हम बहुत डिसऑर्गेनाइज इंडस्ट्री हैं। अब समय आ गया है कि हम एक सिस्टम बनाए, एक बेहतर वर्किंग कल्चर बनाएं। इसी इंटरव्यू में दीपिका पादुकोण ने कहा कि वह किसी का नाम लेकर बखेड़ा नहीं करना चाहती हैं। लेकिन, कई मेल एक्टर्स बॉलीवुड में हैं, जो कई साल से सिर्फ 8 घंटे ही काम करते हैं। यहां तक कि वीकएंड पर तो काम करते ही नहीं है। इन बातों को उठाकर दीपिका फीमेल एक्ट्रेस के लिए भी एक बेहतर वर्किंग कल्चर फिल्म इंडस्ट्री में बनाना चाहती हैं। दीपिका पादुकोण वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे के लिए मध्य प्रदेश गई थीं। वहां उन्होंने अपने फाउंडेशन लिव लव लाफ के 10 साल पूरे होने को सेलिब्रेट किया। एक्ट्रेस का यह फाउंडेशन देशभर में मेंटल हेल्थ को लेकर जागरूकता फैलाने में अहम रोल निभा रहा है। दीपिका की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह शाहरुख की फिल्म किंगकर रही हैं। इस एक्शन फिल्म में शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान भी एक्टिंग कर रही हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# तलाक को बताया दर्दनाक हादसा

**नई दिल्ली।** ब्रैड पिट और एंजेलिना जॉली ने साल 2014 में एक लंबी डेटिंग के बाद शादी की थी, लेकिन 2 साल बाद ही उनकी मैरिड लाइफ में दिक्कतें शुरू हो गईं। दोनों को मोस्ट लव्ड कपल के तौर पर देखा जाता था लेकिन आखिरकार साल 2024 के दिसंबर में दोनों ऑफिशियली अलग हो गए। एंजेलिना जॉली ने ब्रैड पिट संग अपनी टूटी शादी के बारे में बात करते हुए बताया कि उस मैरिज ने उन्हें कितना ट्रॉमा में डाला है। एंजेलिना अपने एक्स हसबैंड ब्रैड पिट के प्यार में इतनी दीवानी थीं कि वो इस तलाक को बर्दाश्त नहीं कर सकीं और अब एंजेलिना ने अपने और ब्रैड पिट के तलाक को अपनी जिंदगी का सबसे दर्दनाक हादसा बताया है।



# अ नाइट ऑफ द सेवन किंगडम का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** गेम ऑफ थ्रोन्स की स्पिन-ऑफ सीरीज 'अ नाइट ऑफ द सेवन किंगडम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह सीरीज गोट से 100 साल पहले की कहानी है, जिसमें 'डंक' के स्क्वायर से नाइट बनने और 'एग' के साथ उसके सफर को दिखाया गया है। अ नाइट ऑफ द सेवन किंगडम में डंक के स्क्वायर से लेकर नाइट बनने की जर्नी को दर्शाया गया है, क्योंकि अब वह सर डंकन द टॉल बन चुका है। जब वह एशफोर्ड टूर्नामेंट में जाता है, तो वहां पर कमजोर और मासूम लोगों की रक्षा करने का वचन लेता है, जिसके लिए वह तलवार बाजी भी सीखता है। हालांकि, वहां पर कई लोग ऐसे भी घमंडी टार्गेरियन भी होते हैं, जिन्हें लगता है कि वह बस एक आम आदमी है। गेम्स ऑफ थ्रोन की स्पिन ऑफ सीरीज 'अ नाइट ऑफ द सेवन किंगडम' 18 जनवरी 2026 को एकबीओ और 19 जनवरी को इंडिया में जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। हाल ही में न्यूयॉर्क कॉमिक कॉन में, ऑथर जॉर्ज आरआर मार्टिन, शो रनर इरा पार्कर, एक्टर पीटर क्लाफे और डेक्सटर सोल अनसेल ने इस सीरीज का ट्रेलर फैंस के साथ शेयर किया।



# प्रतिभा दोस्ताना 2 में निभाएंगी लीड रोल

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन की दोस्ताना 2 तब से सुर्खियों में है, जब से इसकी घोषणा हुई थी। कई बदलावों की वजह से इस प्रोजेक्ट में देरी हुई है। विक्रांत मैसी भी प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। अब एक नई कास्ट अपडेट सामने आई है। चर्चाएं हैं कि लापता लेडी की स्टार प्रतिभा रांटा को फीमेल लीड के लिए संपर्क किया गया है। प्रतीभा रांटा से रोल के लिए बातचीत चल रही है। जाह्नवी भी प्रोजेक्ट से बाहर हो गई हैं और अपने पहले से तय कमिटमेंट्स के कारण उनके वापस आने की संभावना नहीं है। प्रतिभा अपनी डेब्यू फिल्म लापता लेडीज से नई संसेशन बन गई हैं। 'दोस्ताना 2' को लेकर हाल में विक्रांत मैसी ने खुलासा किया कि दोस्ताना 2 वाकई बन रही है और यह धर्मा प्रोडक्शंस के साथ उनकी पहली फिल्म है। लक्ष्य भी दोस्ताना 2 का हिस्सा हैं, जिन्हें साल 2019 में धर्मा ने लॉन्च किया था, लेकिन कई रुकावटों की वजह से उनका बिग स्क्रीन पर डेब्यू देरी से हुआ।



# पहले हफ्ते में अपना बजट तक नहीं निकाल पाई

**मुंबई।** फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' ने बीते गुरुवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसके साथ ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' जैसी फिल्म मुकाबले में रही, जो बॉक्स ऑफिस पर धुआं उड़ा रही है। इतनी मजबूत फिल्म के सामने भी 'सनी संस्कारी...' डटी हुई है। अब भी अपनी लागत वसूलने से यह काफी दूर है। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' ने 9.25 करोड़ रुपए के साथ बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत की थी। दूसरे दिन 5.5 करोड़ कमाए। फिर तीसरे और चौथे दिन शनिवार-इतवार की छुट्टी का फायदा फिल्म का मिला और कमाई में इजाफा हुआ। शनिवार को फिल्म ने 7.5 करोड़ और इतवार को 7.75 करोड़ कमाए थे। इसके बाद हर दिन फिल्म की कमाई लगातार गिर रही है, मगर, अब भी फिल्म करोड़ों में कलेक्शन कर रही है।

## टीवी मसाला



# 10 साल की जाह्नवी ने पिता का सपना किया पूरा

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 की शुरुआत 10 साल की कंटेस्टेंट जाह्नवी के साथ हुई। उन्होंने शुरुआत से ही अच्छा खेल दिखाया। जाह्नवी बड़ी होकर डॉक्टर बनना चाहती हैं और गरीबों का मुफ्त में इलाज करना चाहती हैं। अमिताभ बच्चन ने उन्हें आशीर्वाद दिया और कहा कि आपके साथ हमारा आशीर्वाद है, आप जैसा सोचती हैं, वैसा बहुत कम बच्चे सोचते हैं। वे 7.50 लाख रुपए के सवाल पर फंस गईं। हालांकि, वे गलत जवाब देने के बावजूद 5 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं। जाह्नवी से 50 हजार रुपए का दिलचस्प सवाल पूछा गया। सवाल है- 'नोबिताज आर्ट वर्ल्ड टेल्स' किस फ्रेंचाइज की 2025 की एक फिल्म का सबटाइटल है? विकल्प हैं- अ. पोकेमॉन, बी. शिन-चैन, सी. ड्रैगन बॉल, डी. डोरेमोन। कंटेस्टेंट ने विकल्प डी. डोरेमोन को चुना, जो सही जवाब है। उन्होंने 5 लाख रुपए के 10वें सवाल पर लाइफ लाइन का इस्तेमाल किया। वे एक्सपर्ट की मदद से 5 लाख रुपए जीतने में कामयाब रहीं। जाह्नवी ने फिर अपने पापा का सपना पूरा किया। वे बिग बी से बोलीं कि मैं यहां अपने पापा की वजह से हूं, इसलिए मैं उन्हें हॉट सीट पर बैठाना चाहती हूं। जाह्नवी के पिता ट्रेन में छोटा-मोटा सामान बेचकर घर का खर्च चलाते हैं। वे जब हॉटसीट पर बैठे, तो उनकी आंखों में आंसू आ गए। जाह्नवी के साथ-साथ स्टूडियो में मौजूद सभी लोग इमोशनल हो गए।

## बिग बॉस में आएंगी जॉनी लीवर की बेटी जैमी



**नई दिल्ली।** सलमान खान के शो बिग बॉस 19 में इस बार कई कंटेस्टेंट्स ऐसे आए हैं जो काफी चर्चा में हैं। उनको लेकर विवाद भी खूब होते रहते हैं। लेकिन, अब खबर आ रही है कि इस शो में एक स्टार भी आने वाली हैं और वो हैं जॉनी लीवर की बेटी जैमी लीवर। हालांकि, इसमें एक ट्विस्ट है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जैमी वीकेंड का वार में नजर आने वाली हैं। वह अपनी कॉमेडी से सबको एंटरटेन करने वाले हैं। इसके अलावा वह कंटेस्टेंट्स के साथ भी खूब मजे लेने वाली हैं। इसके अलावा कुछ मजेदार टास्क भी होंगे। जैमी के बारे में बता दें कि वह सोशल मीडिया स्टार हैं। वह कई सेलेब्स की मिमिक्री करती हैं जो सबको काफी पसंद आती है। इसके अलावा जैमी के शोज भी होते हैं ना सिर्फ इंडिया बल्कि विदेश में भी। जैमी के कॉमेडी स्टाइल को दर्शक हमेशा पसंद करते हैं। इससे पहले एल्विश यादव, अभिषेक मल्हान, हर्ष गुजराल, गौहर खान भी शो में बतौर गेस्ट आ चुके हैं।

# करवाचौथ पूजा के लिए सजीं बॉलीवुड हसीनाएं, अनिल के घर लगा जमावड़ा

**मुंबई।** हर साल की तरह इस साल भी अनिल कपूर के घर पर करवा चौथ की ग्रैंड पार्टी होस्ट की गई है, जिसमें बॉलीवुड की हसीनाओं का अलग ही अंदाज देखने को मिलता है। वहीं, इस साल भी रवीना टंडन, मीरा राजपूत, शिल्पा शेट्टी समेत कई एक्ट्रेस सुहागन का रूप ले शामिल हुई हैं। करवा चौथ सेलिब्रेशन की इस पार्टी में शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजपूत और वरुण धवन की वाइफ नताशा दलाल भी सफेद साड़ी में दूसरी हसीनाओं को बराबर की टक्कर देती हुई नजर आईं। वहीं, इस जश्न में डायरेक्टर कबीर खान की पत्नी और एक्ट्रेस मिनी माथुर भी शामिल हुई हैं। वहीं, हर साल की तरह इस साल भी हसीनाओं का जमावाड़ा अनिल कपूर के घर के बाहर देखने को मिला। जिसमें एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी अपनी दोस्त के साथ में नजर आई हैं।



**गीता लाल साड़ी और हाथों में पूजा की थाली लिए आईं नजर**

*वहीं, शिल्पा पिंक कलर के इस आउटफिट्स में गजब ढा रही हैं। करवाचौथ की इस पूजा में एक्ट्रेस रवीना टंडन भी शामिल हुई हैं, वो इस पार्टी में पीले रंग की साड़ी के साथ सिंपल लुक को कैरी करती हुई दिखाई दे रही हैं। रवीना इस साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। अनिल कपूर और सुनीता कपूर की इस हाउस पार्टी में एक्ट्रेस गीता बसरा भी लाल साड़ी और हाथों में पूजा की थाली लिए नजर आ रही हैं। वहीं, संजय कपूर की वाइफ महीप कपूर और चंकी पांडे की पत्नी भावना पांडे भी अपने नए रूप में दिखाई दी हैं।*

# महावतार बाबाजी की गुफा में रजनीकांत ने लगाया ध्यान

**मुंबई।** सुपरस्टार राजनीकांत इन दिनों अपनी सालाना आध्यात्मिक यात्रा पर हैं। बीते दिनों वह ऋषिकेश पहुंचे थे, जहां उन्हें सड़क किनारे पत्तल में खाना खाते देखा गया था। अब उनकी नई तस्वीरें और वीडियोज सामने आई हैं, जिसमें वह उत्तराखंड में महावतार बाबाजी के गुफा में ध्यानमग्न दिख रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों और वीडियोज में रजनीकांत का सादगी भरा अंदाज देख फैंस 74 साल के एक्टर की बलाएं ले रहे हैं। सिर पर टोपी, जैकेट, सफेद पैंट पहने रजनीकांत हाथ में लकड़ी की छड़ी लेकर चलते हुए दिखाई दिए हैं। फैंस द्वारा ली गई तस्वीरों और वीडियोज में 'कुली' एक्टर बाबाजी की गुफा के बाहर ध्यान लगाते शांत मुद्रा में बैठे हुए हैं। उन्होंने इस दौरान फैंस को भी निराश नहीं किया और बारी-बारी पूरे धैर्य से सबके साथ तस्वीरें खिंचवाई। वीडियो में वह फैंस से बातचीत करते हुए भी नजर आ रहे हैं। वह इससे पहले अपने दोस्तों के साथ कई आश्रम भी गए थे। रजनीकांत हर साल इसी तरह आध्यात्मिक यात्रा पर निकलते हैं। इसमें वह ऋषिकेश से होते हुए ब्रदीनाथ धाम जाते हैं। इस बार उन्होंने महावतारा बाबाजी की गुफा को भी यात्रा का हिस्सा बनाया है। बीते दिनों अपनी आध्यात्मिक यात्रा के बारे में रजनीकांत ने कहा था, 'हर साल मुझे यह एक नया अनुभव देता है।



यह मुझे बार-बार अपनी इस आध्यात्मिक यात्रा जारी रखने के लिए प्रेरित करता है। मुझे लगता है कि पूरी दुनिया को आध्यात्म की जरूरत है, क्योंकि यह हर इंसान के लिए महत्वपूर्ण है। आध्यात्मिक होने का मतलब है शांति और सुकून का अनुभव करना और मूल रूप से, ईश्वर में विश्वास करना है।'

## हिंदी फिल्मों के गानों में कुछ मुखड़े और लाइनें ऐसी भी हैं जो हमेशा के लिए दिलों में बस गईं

# मशहूर गानों के बोल पर बनीं 3 फिल्में, रिलीज होते ही रचा इतिहास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड फिल्मों के गाने दिल को सुकून पहुंचाते हैं। हिंदी फिल्मों में कहानी की सिचुएशन के हिसाब से गाने लिखे जाते हैं। कई बार यही सॉन्ग हमारे जीवन की कहानी को दिखाते हैं। हिंदी फिल्मों के गानों में कुछ मुखड़े और लाइनें ऐसी भी हैं जो हमेशा के लिए दिलों में बस गईं। कई लाइनें तो फिल्म का टाइटल बन गईं। ऐसी ही 3 फिल्में 9 साल के अंतराल में पर्दे पर आईं और ब्लॉकबस्टर निकलीं। फिल्म मेकर्स ने इन गानों की पॉप्युलैरिटी को भुनाया और अपनी फिल्म का टाइटल ही इन गानों की लाइन पर रख लिया। इसकी वजह यह रही कि ये लाइनें दर्शकों के दिमाग और जेहन में बस गई थीं। दर्शक को अपनाप फील कराने के लिए यह सब किया। दिलचस्प बात यह है कि यह फॉर्मूला काम आया और तीनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त कमाई की। ये फिल्में थीं : कुछ-कुछ होता है, कोई मिल गया और ओम शांति ओम।

### कुछ-कुछ होता है



सबसे पहले बात करते हैं 16 अक्टूबर 1998 को रिलीज हुई 'कुछ-कुछ होता है' फिल्म की. बतौर डायरेक्टर करण जौहर की यह पहली फिल्म थी. फिल्म में शाहरुख खान, काजोल, रानी मुखर्जी, अनुपम खेर, फरीदा जलाल और रीमा लागू लीड रोल में थे. सलमान खान ने एक छोटा सा रोल निभाया था. फिल्म का म्यूजिक जतिन-ललित ने दिया था। फिल्म का म्यूजिक सुपरहिट रहा था. गाने समीर ने लिखे थे। फिल्म की कहानी, स्क्रीनप्ले करण जौहर ने लिखा था। प्रोड्यूस उनके पिता यश जौहर ने किया था। फिल्म का बजट करीब 10 करोड़ रुपए रखा गया था। इस मूवी ने 106 करोड़ का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। यह एक ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित हुई थी। फिल्म की कहानी लव ट्रायंगल पर बेस्ड थी। फिल्म 'कुछ-कुछ होता है' का टाइटल एक मशहूर गाने की लाइन पर बेस्ड है। 1995 में गोविंदा-ममता कुलकर्णी की एक फिल्म 'किस्मत' के एक सॉन्ग से मिलता है। इस फिल्म मे एक सॉन्ग था, जिसके बोल थे : 'महबूब सनम तुझे मेरी कसम, मुझे देख ना ऐसी नजरों से, कि कुछ-कुछ होता है।'

### कोई मिल गया



2003 में डायरेक्टर-प्रोड्यूसर राकेश रोशन ने 'कोई मिल गया' नाम से साइंस-फिक्शन बेस्ड फिल्म बनाई। इस फिल्म में एलियन की कहानी जोड़ी जो कि भारतीय दर्शकों के लिए नई बात थी। इस फिल्म में रितिक रोशन प्रीति जिंटा और रेखा लीड रोल में नजर आए थे। 8 अगस्त 2003 को रिलीज हुई इस फिल्म फिल्म में ऋतिक रोशन, प्रीति जिंटा, रेखा, प्रेम चोपड़ा, मुकेश ऋषि, अंजना मुमताज, जॉनी लीवर और रजत बेदी नजर आए थे। म्यूजिक राजेश रोशन का था जो रिश्ते में ऋतिक रोशन के चाचा हैं। फिल्म की कहानी राकेश रोशन, हनी ईरानी, सचिन भौमिक ने लिखी थी। करीब 30 करोड़ रुपए के बजट में बनी कोई मिल गया ने वर्ल्डवाइड 82 करोड़ का कलेक्शन किया था। यह एक सुपरहिट फिल्म साबित हुई थी। 2003 की सबसे ज्यादा पैसा कमाने वाली इस फिल्म में जादू का किरदार इंद्रवदन पुरोहित ने निभाया था। कोई मिल गया को 3 नेशनल अवॉर्ड और 5 फिल्मफेयर अवॉर्ड मिले थे।

### ओम शांति ओम



इसी तरह 2007 में शाहरुख खान-दीपिका पादुकोण की एक फिल्म आई, जिसका टाइटल 1980 में आई फिल्म 'कर्ज' के एक गाने की कैच लाइन से लिया गया था।यह फिल्म थी : ओम शांति ओम। फराह खान ने इसका डायरेक्शन किया था। दीपिका पादुकोण की यह डेब्यू फिल्म थी। इस फिल्म का टाइटल 1980 में आई ऋषि कपूर की फिल्म से लिया गया था। दिलचस्प बात है कि दोनों ही फिल्में पुनर्जन्म की कहानी पर बेस्ड हैं। ऋषि कपूर ने फिल्म में स्टेज पर एक गाना परफॉर्म किया था, जिसके बोल थे 'मेरी उम्र के नौजवानों दिल ना लगाना ओ दीवानों...' इसी गाने में एक कैच लाइन है ओम शांति ओम।' कर्ज मूवी फ्लॉप रही थी, लेकिन शाहरुख खान की ओम शांति ओम मूवी बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। ओम शांति ओम फिल्म के वजनदार डायलॉग मयूर पुरी ने लिखे थे। फिल्म को प्रोड्यूस गौरी खान ने किया था। यह फराह खान की दूसरी फिल्म थी।

## खबर संक्षेप



### चांद को देखकर खिले चेहरे धूमधाम से मना करवा चौथ

**चंद्रपुर।** चंद्रपुर में करवा चौथ का पर्व सभी सुहागिन महिलाओं ने बड़ी धूमधाम से मनाया। जिसमें महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर अपनी पति की लंबी उम्र की कामना की। चंद्रमा के दीदार के बाद सुहागिन महिलाओं ने अपने व्रत खोले औरअपने घरों की चो पर पूजा सामग्री के साथ चलनी रखकर चंद्र दर्शन करते हुए अपने सुहाग की कामना की। इसके बाद अपने पति का आशीर्वाद लिया। पर्व को लेकर काफी उत्साह बना रहा। दिनभर निर्जला रहने के बाद देर शाम पहले चांद और फिर पति का चेहरा देखकर व्रत को समाप्त किया गया।

### राज्य मुख्य आयुक्त से की गई सौजन्य मुलाकात

**सरसींवां।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा से सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला प्रशिक्षण आयुक्त शंकर लाल साहू, जिला सचिव डॉ पूनम साहू, जिला संगठन आयुक्त गाइड धात्री नायक एवं एडवांस रोवर लीडर कमलेश साहू ने सौजन्य मुलाकात कर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में संचालित हो रही स्काउटिंग गतिविधि की जानकारी दी। साथ ही स्काउटिंग को समाज से जोड़ने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। कमलेश साहू ने रोवर को स्कूल के साथ साथ महाविद्यालय स्तर में भी संचालित करने संबंधी सुझाव दिये। स्काउटिंग के क्षेत्र में और बेहतर क्या कर सकते हैं इस विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने दिसंबर में होने वाले संभावित राज्य जंबूरी के आयोजन की भी जानकारी दी। स्काउटिंग को नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए सब मिलजुल कर काम करने आश्वास्त किए।

### राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा में सोनिया प्रथम

**सरसींवा।** अनुविभाग मुख्यालय बिलाईगढ़ के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा ने राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। प्राप्त समाचार के अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूती उरकुली में कक्षा 12वीं में अध्यनरत छात्रा सोनिया कैवर्त्य ने 25वीं राज्य स्तरीय स्कूल लेबल गेम्स कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। संस्था के प्राचार्य रामकुमार साहू ने उन्हें 500 रुपए का इनाम प्रदान किया, साथ ही शालेय परिवार ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# कार्यालयों में कोई भी प्रकरण ऑफलाइन मिला तो तहसीलदार पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में राजस्व विभाग के कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और गति लाने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी राजस्व अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के प्रत्येक प्रकरण का ई कोर्ट में अनिवार्य रूप से पंजीयन किया जाए, ताकि प्रकरणों की ऑनलाइन निगरानी और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी कार्यालय में कोई भी प्रकरण ऑफलाइन नहीं रहना चाहिए यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित तहसीलदार की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने नामांतरण, सीमांकन, खाता विभाजन, डायवर्सन, त्रुटि सुधार, नजूल प्रकरण और स्वामित्व योजना जैसे सभी लंबित मामलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी अपने स्तर पर गंभीरता से कार्य करें और जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से नियमानुसार त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।





### फार्मर रजिस्ट्री कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि सभी पात्र किसानों की एग्रीस्टैक पोर्टल में फार्मर रजिस्ट्री निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण की जाए, ताकि कोई भी कृषक शासन की किसी भी योजना से वंचित न हो। उन्होंने वेरिफिकेशन और अप्रूवल की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री के दौरान फौती, वारिसान पंजीयन, भुइया पोर्टल में नाम प्रदर्शित न होना, खसरा त्रुटि एवं अन्य तकनीकी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई या विलंब को गंभीर लापरवाही माना जाएगा।

### अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्य दक्षता बढ़ाने के निर्देश

कलेक्टर ने नक्शा बंटांकन, सेवा भूमि, लैंड बैंक, न्यायालयीन प्रकरण, आधार सीडिंग, मिसल से खसरा मिलान, मोबाइल नंबर और जेंडर प्रविष्टि की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्व अभिलेखों की शुद्धता शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है इसलिए इन कार्यों को गंभीरता से लेकर पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्य में दक्षता लाएं उनकी जवाबदेही तय करें तथा जो कर्मचारी बेहतर कार्य कर रहे हैं उन्हें सम्मानित कर प्रोत्साहित किया जाए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि राजस्व शासन प्रशासन की रीढ़ है इसलिए सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ करें, ताकि जनता का विश्वास शासन और प्रशासन दोनों में दृढ़ हो सके।

### खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी पर वसूली की होगी कार्रवाई

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने शासकीय उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की कमी या गड़बड़ी पाए जाने पर नियमों के अनुसार तत्काल वसूली की कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखें। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न मिले और किसी भी स्तर पर अनियमितता न हो। बैठक में अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, रवि राही, डॉ.प्रियंका वर्मा सहित जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## सारडा जंगल में नक्सली हमले में सीआरपीएफ जवान शहीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला



■ आईईडी धमाके में इंस्पेक्टर एएसआई घायल

झारखंड ओड़िशा सीमांचल के घने सारंडा जंगल में शुक्रवार को नक्सलियों ने एक बार फिर खूनी खेल खेला। जराईकेला थाना क्षेत्र के सामठा अंतर्गत बाबूडेरा इलाके में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर सुरक्षा बलों के काफिले को निशाना बनाया। इस हमले में सीआरपीएफ 60 बटालियन के इंस्पेक्टर केके मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए राउरकेला के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद हुए दूसरे विस्फोट में सी आरपीएफ एएसआई रामकृष्ण गगराई व हेड कांस्टेबल महेंद्र लस्कर घायल हो गए, जिन्हें देर रात राउरकेला ऑपोलो में ही इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां महेंद्र की सांसे थम जाने से वे शहादत को प्राप्त हुए।

जानकारी के अनुसार जिला पुलिस सीआरपीएफ और अन्य बलों की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी, तभी घात लगाकर यह धमाका किया गया। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी अमित रेनू ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आईईडी विस्फोट नक्सलियों द्वारा किया गया था। इसी दौरान एक अन्य स्थान पर भी नक्सलियों ने लैंडमाइन ब्लास्ट कर एक पुलिया को उड़ा दिया। यहीं पर गगराई व लस्कर घायल हुए, यह विस्फोट उस समय हुआ जब इंस्पेक्टर कौशल कुमार मिश्रा के घायल होने के बाद गगराई व लस्कर दो अन्य जवानो के साथ उन्हें एम्बुलेंस तक छोड़ कर अभियान में शामिल होने लौट रहे थे। शनिवार सुबह इस हमले में घायल सीआरपीएफ हेड कॉन्स्टेबल महेंद्र लश्कर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उनकी शहादत की पुष्टि सीआरपीएफ 60 बटालियन के कमांडेंट अंबुज मुथाल ने की है। इस विस्फोट में एएसआई रामकृष्ण गागराई जो खरसावां विधायक दशरथ गागराई के भाई हैं भी घायल हुए हैं। इस नक्सली हमले से पूरे सीमांचल क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर कर तलाशी अभियान तेज कर दिया है। शहीद महेंद्र लश्कर को सुरक्षा बलों और स्थानीय प्रशासन ने श्रद्धांजलि दी, वहीं उनकी शहादत ने एक बार फिर याद दिलाया है कि सारंडा की शांत वादियों में अब भी नक्सली साजिशें जिंदा हैं। बता दें की शहीद जवान हेड कांस्टेबल महेंद्र लस्कर मूल रूप से असम कई नगांव जिला कई कामपुर थाना क्षेत्र के कुआरी अति गांव के निवासी थे। एम्बुलेंस की मदद से शनिवार की अहले सुबह उनका पार्थिव शरीर राउरकेला ऑपोल अस्पताल से रांची ले जाया गया।

## एसडीएम कार्यालय का घेराव और तालाबंदी न्याय की मांग को लेकर उमड़े लोग



**घरघोड़ा।** घरघोड़ा में शुक्रवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन छत्तीसगढ़ के बैनर तले ऐतिहासिक आंदोलन देखने को मिला, जब सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय घरघोड़ा का घेराव कर तालाबंदी कर दी।

भीम आर्मी के प्रदेश स्तर के इस आंदोलन में रायगढ़, जशपुर, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा सहित आसपास के जिलों से कार्यकर्ता भारी संख्या में पहुंचे। आंदोलन का मुख्य मुद्दा था भरत खंडेल प्रकरण, जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग के एक परिवार का पचास वर्षों से बसे आशियाने को प्रशासनिक लापरवाही और पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के चलते ध्वस्त कर दिया गया। परिवार को अब तक न तो पुनर्वास मिला, न मुआवजा और न ही न्याय की कोई सुनवाई हुई। इस अन्याय के विरोध में भीम आर्मी भारत एकता मिशन छत्तीसगढ़ ने 10 अक्टूबर को घरघोड़ा एसडीएम कार्यालय में महा आंदोलन और तालाबंदी का ऐलान किया, जो प्रदेशभर में चर्चा का विषय बन गया है।

### बारिश में भी नहीं डिगा हौसला, प्रशासन रहा सतर्क

लगातार बारिश और खराब मौसम के बावजूद भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं का जोश कम नहीं हुआ। एसडीएम कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने घंटों तक धरना दिया और तालाबंदी कर नारेबाजी करते रहे। पुलिस प्रशासन ने मौके पर भारी सुरक्षा व्यवस्था की ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक भरत खंडेल प्रकरण में दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, मुआवजा और पुनर्वास की व्यवस्था नहीं होती तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

### आन्दोलन में ये रहे शामिल

दिनेश आजाद व संजीत बर्मन के संयुक्त आयोजन से राज कुमार जांगडे, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, भीम आर्मी छत्तीसगढ़ अमृत डहरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष बिलासपुर रूपेश दिवाकर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष बिलासपुर सूरजभान, पूर्व जिला अध्यक्ष जशपुर बसंत लहरे, वरिष्ठ पूर्व जिला उपाध्यक्ष रायगढ़ कुसुम बघेल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रायगढ़ गुलशन लहरे, पूर्व मीडिया प्रभारी रायगढ़ सुनील सोनी, पूर्व जिला सचिव रायगढ़, राहुल आजाद, जिला सचिव,जांजगीर-चांपा जगमोहन खांडे, कार्यकारी सदस्य चांपा इकाई,सम्पत कुर्रे, ब्लॉक उपाध्यक्ष घरघोड़ा,प्रताप जोल्हे, पूर्व ब्लॉक उपाध्यक्ष घरघोड़ा, सूरज लहरे, पूर्व प्रथम ब्लॉक अध्यक्ष घरघोड़ा,अमृत खांडे, सक्रिय सदस्य घरघोड़ा ब्लॉक, जगत लाल खंडेल, सामाजिक कार्यकर्ता घरघोड़ा इसके अतिरिक्त संत राम खूंटे बीडीसी छाल और गोडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला पदाधिकारी भी आंदोलन में शामिल हुए और अपना समर्थन दिया।

## कैरियर काउंसिलिंग समय प्रबंधन पर प्रशिक्षण

**कटेली।** शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में पदस्थ प्रधान पाठक राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षिका प्रियंका गोस्वामी, शाउमा विद्यालय हरदी के विशेष आमंत्रण पर विद्यालय पहुंची। कार्यक्रम की शुरुआत मनोज जांगड़े के द्वारा सरस्वती वंदना के प्रस्तुतिकरण से हुई। विद्यालय की प्राचार्य विभावरी ठाकुर द्वारा बैच लगाकर गोस्वामी का स्वागत किया गया। शालेय स्टाफ़ एव विद्यार्थियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट किया गया। प्रियंका द्वारा कैरियर काउंसिलिंग, लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास, कम्युनिकेशन स्किल, नेतृत्व एवं प्रबंधन जैसे समसामयिक महत्व के विषयों पर उत्कृष्ट और छात्र उपयोगी प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर विभावरी सिंह ठाकुर, प्रियंका गोस्वामी, नीलिमा बरगाह, भगवती जोल्हे, अंजली साहू, तुलसी देवांगन, एस यादव, बी आर निषाद, एम जांगड़े, सी एस खंडेकर, प्रियंका खूंटे, शुचिता केरकेट्टा, मंजू कुर्रे, सीमा गुप्ता, हेमलता पटेल, ममता साहू, शकुंतला सिदारए दमयंती पटेल, आरके कोशले विश्वनाथ पटेल, केके कर्ष, एनके निराला, सत्येंद्र महिलाने की उपस्थिति रही।



Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल) के
कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी
सोमवार, दिनांक : 13 अक्टूबर, 2025
स्थान : फोर्टिज ओपी जिंदल हॉस्पिटल, रायगढ़
समय – सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक
विश्वस्तरीय कैंसर विशेषज्ञों से परामर्श पाएं, चिंता मुक्त हो जाएं

डॉ. दिपांजन बिस्वास
कंसलटेंट, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
एमबीबीएस, एमएस (जनरल सर्जरी),
एमसीएच (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी)
क्या इनमें से कोई भी लक्षण आपको चिंतित कर रहे हैं?
- स्तन में गांठ
- मुंह में अल्सर या गले में गांठ
- मल या मूत्र विसर्जन की आदतों में परिवर्तन
- वजन में अनापेक्षित बदलाव
- लगातार खांसी या सांस लेने में तकलीफ
- थकान
- निगलने में कठिनाई
- स्वर बैठना या आवाज में बदलाव
- रक्तस्त्राव या चोट ना भरना
- खाने के बाद लगातार अपच या बेचैनी
- रजोनिवृत्ति के बाद रक्त जाना या असामान्य मासिक धर्म होना
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें -
74711 30319, 82828 24444
ATUL

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
मूत्र एवं किडनी रोग विभाग
• गुर्दे का कैंसर • गुर्दे की पथरी
• मूत्राशय का कैंसर • पुरुष बाँझपन
• मूत्रनली की पथरी • अंडकोष का कैंसर
• पेशाब में जलन होना पेशाब में रुकावट
• लिंग कैंसर • सेक्स सम्बन्धी समस्याएं
• गुर्दे की सूजन व इन्फेक्शन
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
ओम डेन्टल हॉस्पिटल, समता कॉलोनी,रायपुर (छ.ग.) मो. 8305948040
#Rajesh

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.